साप्ताहिक

पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

समय माया

R.N.I. No.: MPHIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 18 | अंक 05 | प्रति सोमवार इंदौर, 02 सितंबर से 08 सितंबर 2024 | पृष्ठ 8 | मूल्य 5/- रुपए

विश्व में अमेरिकी सोशल साइट्स का जनता को बर्बाद करने का षड्यंत्र

गूगल, यूट्यूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, टेलीग्राम सब डकैतों की लूट के अड्डे

वर्तमान में यूट्यूब खोलने पर पहले जुए सट्टे षड़यंत्रकारीयां के कल पर्दे पर विज्ञापन, अधिकांश बैंक डकैती, लव जेहाद, आतंकी गतिविधियां, ब्लेकमेलिंग, यौनाचार में बच्चो से बुजुर्गो को उलझाने के षड़यंत्र

पूरे विश्व में अमेरिकी वर्ण संकर राक्षसों काषड्यंत्रहर क्षेत्र मेंपूरे उफान पर चल रहा है जो घरेलू बच्चों से लेकर बुजुर्गों महिला पुरुषों को फेसबुक इंस्टाग्राम व्हाट्सएप टेलीग्राम गूगल यूट्यूब पेटीएम गूगल पे व्हाट्सएप पे के उपयोग करने पर एक तरफ सभी प्रकार का डाटा इकट्ठा करने उसका व्यवसायिक दुरुपयोग करने, उपयोगकर्ता की आर्थिक सामाजिक खर्च करने व कमाने की क्षमता के डाटा इकट्ठा कर उसके हिसाब से विज्ञापन देने डाटा को उन कंपनियों को बैठने मोटी कमाई करने के साथ विभिन्न जुए सट्टे के खेलों लूडो रमी क्रिकेट के जुये सट्टे यौनाचार, चीनी कर्ज कंपनियों के, कमाई के लालच के विज्ञापनों के माध्यम से उलझा कर उनके बैंक खाता में डकैती डालने ब्लैकमेल करने लव जिहाद यौनाचार उत्पीड़न में उलझाने का खेल कर रहे हैं। जिस पर भारत के गृह मंत्रालय से लेकर राज्यों की पुलिस के साइबर सेल का भी कोई नियंत्रण नहीं है। जिसमें उलझ कर बच्चों से लेकर बुजुर्गों महिला पुरुषों में धन बर्बाद करने कर्ज में डूबने के कारण आत्महत्या करने की प्रवृत्ति बड़ी है। जिस पर विश्व के देशों की सरकारहै प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पा रहीं।

दूसरी तरफ अमेरिकी षड़यंत्रकारी संगठनों यूएनओ यथार्थ में यूनाइटेड नोटोरियस ऑर्गेनाइजेशन, डब्ल्यू एच ओ यथार्थ में वर्ल्ड हेजारडियस ऑर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन यथार्थ में वर्ल्ड ट्रेड टेरेरिस्ट ऑर्गेनाइजेशन के कारनामों

के बारे मेंतो पूर्व में लिख ही चुका हूं।

सोशल साइंस के बारे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो खबरें चल रही हैउसकी रिपोर्ट निम्न अनुसार है-

फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप यूजर्स को फिशिंग स्कीम में निशाना बनाया गया।

39,000 से अधिक वेबसाइट फेसबुक, मैसेंजर, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के लॉगिन पेज होने का दिखावा करती हैं ताकि लोगों को उनके यूजरनेम और पासवर्ड दर्ज करने के लिए धोखा दिया जा सके।

फेसबुक, जिसे अब मेटा के नाम से जाना जाता है, ने अपने प्लेटफॉर्म के लॉगिन पेजों की नकल करने वाली वेबसाइटों पर नकेल कसने के लिए मुकदमा दायर किया।

मेटा, जिसे पहले फेसबुक के नाम से जाना जाता था, ने सोमवार को कहा कि वह उन लोगों पर मुकदमा कर रहा है जो उसके प्लेटफॉर्म से यूजरनेम और पासवर्ड चुराने की फिशिंग स्कीम के पीछे हैं।

उत्तरी कैलिफोर्निया की एक संघीय अदालत में दायर मुकदमे में कहा गया है कि 2019 से 39,000 से अधिक वेबसाइट बनाई गई हैं जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और व्हाट्सएप के लॉगिन पेजों की नकल करती हैं। मेटा को नहीं पता कि हमले के पीछे कौन है, लेकिन उसका कहना है कि यह अपने उपयोगकर्ताओं को उनके यूजरनेम और पासवर्ड दर्ज करने के लिए धोखा देने के प्रयास का हिस्सा है।

यह कदम इस बात को रेखांकित करता है कि दुनिया का सबसे बड़ा सोशल नेटवर्क फ़िशिंग से कैसे निपटने की कोशिश कर रहा है, एक ऐसी प्रथा जिसमें हमलावर लोगों को उनकी व्यक्तिगत जानकारी प्रदान करने के लिए धोखा देने की कोशिश करने के लिए नकली वेबसाइट या ईमेल बनाते हैं। मेटा के प्लेटफ़ॉर्म और मुकदमेबाजी निदेशक जेसिका रोमेरो ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, 'पूरे उद्योग में फ़िशिंग हमलों की रिपोर्ट बढ़ रही हैं और हम हमले के पीछे के लोगों की पहचान उजागर करने और उनके हानिकारक आचरण को रोकने के लिए यह कार्रवाई कर रहे हैं।' जुलाई में, एंटी-फ़िशिंग वर्किंग ग्रुप ने कहा कि उसने 260,642 फ़िशिंग हमले दर्ज किए, जो समूह के रिपोर्टिंग इतिहास में सबसे अधिक मासिक कुल है। समूह की रिपोर्ट के अनुसार, फ़िशिंग हमले 2020 से दोगुने हो गए हैं। 21-पृष्ठ के मुकदमे में कहा गया है कि अनाम प्रतिवादियों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए सैन डिएगो स्थित टेक कंपनी एनग्रोक की सेवाओं का इस्तेमाल किया और 'अपनी फ़िशिंग वेबसाइटों पर इंटरनेट ट्रैफ़िक को इस तरह से रिले किया कि यह अस्पष्ट हो गया कि उनकी वेबसाइट कहाँ होस्ट की गई थी।' मुकदमे में लॉगिन पेजों के स्क्रीनशॉट शामिल थे जो फेसबुक, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और व्हाट्सएप के लॉगिन पेजों के समान दिखते थे, लेकिन एनग्रोक यूआरएल का इस्तेमाल करते थे। कुछ नकली वेबसाइट अंग्रेजी और इतालवी में थीं। एनग्रोक के संस्थापक और सीईओ एलन श्रेव ने कहा कि कंपनी मेटा और अन्य फर्मों के साथ मिलकर 'हमारे प्रत्येक सिस्टम में दुर्भावनापूर्ण अभिनेताओं के प्रभाव का पता लगाने, सीमित करने और खत्म करने के लिए काम करती है।'

(शेष पेज 7 पर)

मूढ़ घोर भ्रष्ट लालची मोदी के पूंजीवाद प्रेम ने देश व जनता को भिखारी बना दिया

10 सालों में देश व जनता को दी आर्थिक बदहाली, श्रमिकों का देश व दुनिया में शोषण

5 करोड़ उद्योग धंधे व्यवसाय चौपट कर 40 करोड़ को बेरोजगार किया, शासकीय विभागों में भी न्यूनतम वेतन से कम विदेश में भी प्रवासी मजदूरों का भयानक शोषण

विश्व स्तर पर भारत में प्रति व्यक्ति आय सूचकांक में भारत 117, भूख सूचकांक में 128 वें बेरोजगारी में 143 वें क्रम पर बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान से नीचे लाने की श्रेष्ठता में मोदी की पूंजीपतियों के इशारे पर नाच कर देश को सफाई कैशलेस नोटबंदी जीएसटी तालाबंदी में उलझा कर बर्बाद करने और 40 करोड़ को बेरोजगार बनाने का ही जादू है। बेरोजगार बनाने के षड्यंत्र का मूल उद्देश्य अपने पूंजीपति मित्रों अढ़ानी अंबानी टाटा बिरला जैसे सैकड़ो पूंजी पतियों को आसानी से न्यूनतम मजदूरी जो कि वर्तमान में केंद्र शासन के सर मंत्रालय द्वारा रु. 390 निश्चित है से भी कम पर काम लेकर अधिकतम लाभ कमाये। बदले मे मोदी सरकार को मोटा कमीशन मिलता रहे।

केंद्र व राज्य शासन के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के 90% पदों पर वर्तमान में बाहरी ठेका कर्मी मात्र 8 से 10000 रुपए महीने में नौकरी कर एक वक्त भोजन कर जीवन यापन करने मजबूर हैं। वर्तमान में गैस के केंद्रीय विभागों से लेकर सभी राज्यों के सरकारी विभागों में लगभग एक करोड़ से ज्यादा पद खाली पड़े हुए हैं पर उन्हें स्थाई भर्तीयां नहीं की जा रही।

(शेष पेज 2 पर)

न्यायालय न्याय के मंदिर नहीं हुए के अड्डे, भूतपूर्व राष्ट्रपति के आर नारायणन

न्यायालयीन व्यवस्था सत्ताधीशों व पूंजीपतियों के गुलाम...

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी परेशान अपने ही रजिस्ट्रार के भ्रष्टाचार से...

भारत की न्यायालय व्यवस्था के बारे में जिले के सत्र न्यायालयों से लेकर उच्च वास सर्वोच्च न्यायालयों के पिछले 75 सालों में लाखों प्रकरण सामने आ चुके हैं और 2014 के बाद से जब से भुखेरा जन पार्टी के मूढ़ अहंकारी भ्रष्ट मोदी ने सत्ता संभाली है। न केवल वरन पुलिस, प्रशासन से न्यायालयीन व्यवस्था तक जो की पूर्णता सत्ताधीश दल के पार्षदों विधायकों सांसदों के साथ मोदी के पूंजीपति मित्रों आदरणीय अंबानी टाटा बिरला व अन्य सैकड़ो की गुलामी की तरह व्यवहार कर जनता का शोषण करने के कारण भी जनता का विश्वास खत्म हो गया है।

सत्ताधीश दल के बड़े-बड़े नेताओं पार्षदों विधायकों सांसदों मंत्री मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री पद पर विराजे नेता अधिकांश नेता बड़े भू कॉलोनी ड्रग शराब शिक्षा स्वास्थ्य मानव तस्करी बलात्कार सामूहिक बलात्कार बाल अपराधों के पाक्सो के अपराधियों वैश्याओं के संसद और विधानसभाएं अड्डे बन चुकी है इसलिए जनता काहर तरह सेहर प्रकार का शोषण किया जा रहा है और इसका दुष्परिणाम यह हुआ की स्वयं न्यायालय अपने यहां बैठे स्टाफ के भ्रष्टाचार से परेशान है और उसमें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने अपने ही रजिस्ट्री में बैठे रजिस्ट्रार के भ्रष्टाचार से परेशान होकर उनको इस पर कार्रवाई करनी पड़ी जिसका विवरण निम्न अनुसार है।

(शेष पेज 6 पर)

साप्ताहिक समय माया

10 सालों में देश व जनता को दी आर्थिक बदहाली, श्रमिकों का देश व दुनिया में शोषण

पेज 1 का शेष

उल्टे ही अधिकांश केंद्र पर राज शासन के सरकारी विभागों में आने को पद खत्म किया जा रहे हैं जब कि कम 1990 और 2000 की तुलना में चार गुना ज्यादा हो गया। भारतीय सेना के तीनों जल थल और नभ में ही 30 लाख सैनिकों अधिकारियों की कमी होने के साथ से केंद्रीय व राज्यों के अर्धसैनिक बलों और राज्यों की पुलिस में भी 50 लाख सैनिकों अधिकारियों के पद खाली पड़े हैं। यही हाल रेलवे मैं भी 10 लाख से ज्यादा गैंग मेन से लेकर अधिकारियों मैकेनिकल सिविल इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरो तक के पद खाली है जबकि रेलवे में लूट दोगुना होने के साथ रेलवे की पटरियों सिग्नल्स इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रॉनिक लाइन वर्कशॉप आदि के अधिकांश कार्यों को ठेके पर देकर बर्बाद करने पर तुले हुए हैं।

इसी प्रकार की स्थितिदेश के सभी राज्यों के विद्युत मंडलों को कंपनियों में बदलने के बाद उन वितरण पारेषण उत्पादन कंपनियों का भी है जहां पर तत्काल ऑनलाइन बैंक से लेकर इंजीनियर बाबू तक पूरे देश भर में 10 लाख से ज्यादा कर्मचारियों की आवश्यकता है पर वहां पर भी अधिकांश कार्य ठेके पर करवा पूरी अधो संरचना को बर्बाद किया जा रहा है। एक तरफ जनता से लूट के बाद कर्मचारियों की भर्ती न कर सभी को घाटे में दिखाकर उसका भी निजीकरण करने का षड्यंत्र पूरी तरह से तैयार है।

यही हाल निजी क्षेत्रों में भी केंद्र सरकार की मजदूरी बढ़ाने के बाद जब राज्य सरकार के समांतरण की मजदूरी बढ़ाई से बचने के लिए यहां के पूंजीपतियों ने श्रम विभाग के उपायुक्त घोर भ्रष्ट जालसाज जिसके ऊपर 3-4 बार लोकायुक्त छापा पड़ चुका है जांच लंबित है। उसे आदेश को 2 महीने मजदूरी बांटने के बाद उच्च न्यायालय में याचिका लगा स्थगित करवा दिया।

यह हाल पूरे देश का है जहां न्यूनतम मजदूरी से भी कम मजदूरी निजी व सरकारी क्षेत्र में देकर श्रम कानून और भारतीय कारखाना अधिनियम 1948 के अंतर्गत सप्ताह में 48 घंटे से ज्यादा 72 घंटे तक काम लेकर भी न्यूनतम से कम मजदूरी दी जा रही है। दूसरी तरफ अपनी भ्रष्टाचार से मोटी कमाई के लिए जो कांग्रेस के समय में ढाई सौ से ज्यादा वस्तुओं परवेट वसूला जाता था अब 12 से 28% तक 1500 से ज्यादा वस्तुओं व सेवाओं पर जीएसटी वसूली करने के कारण बाजार में सन 2014 की अपेक्षा महंगाई डेढ़ से दो गुनी हो चुकी है।

दूसरी तरफ भारतीय मजदूर जब देश में परेशान हुए तो उन्होंने विश्व के अन्य देशों की तरफ रूख किया। परंतु वहां जाकर भी वेक मोदी की जाहिलता के कारण विदेश में भी परेशान हो रहे हैं जिसकी एक रिपोर्ट निम्न अनुसार है।

दुनिया भर में बदहाली के शिकार हैं भारतीय प्रवासी मज़दूर

बढ़ते वैश्विक आर्थिक संकट ने दुनिया भर में भयानक बदहाली और आर्थिक संकट पैदा कर दिया है। भारत जैसे तीसरी दुनिया के देशों की हालत तो और भी बुरी है। यही कारण है कि यहाँ से भारी पैमाने पर कुशल-अकुशल मज़दूर वैध-अवैध रूप से रोज़गार की तलाश में अमेरिका, कनाडा, जर्मनी और इटली जैसे देशों में जा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इसमें बड़ी संख्या भारत के विकसित माने जाने वाले देश गुजरात और पंजाब की है, चूँकि ये विकसित देश आज खुद ही आर्थिक संकट और बेरोज़गारी से ग्रस्त हैं। यही कारण है कि इन प्रवासी मज़दूरों का भयानक रूप से आर्थिक शोषण हो रहा है। उनसे कम मज़दूरी पर बहुत ज़्यादा काम करवाया जा रहा है, व्यापक रूप से उनके मानवाधिकारों का भी हनन हो रहा है, इसी संदर्भ में 19 जून 2024 को पंजाब के मोगा जिले के 31 वर्षीय सतनाम सिंह की भयानक मौत ने सभी को दहलाकर रख दिया है।

पिछले दो साल से सतनाम सिंह इटली में रह रहे थे। वे और उनकी पत्नी एक फॉर्म में काम करते थे। खेतों में भारी मशीनरी पर काम करते हुए सतनाम सिंह का शरीर मशीन में आ गया। उनकी बाज़ू कट गई और टाँग पर चोटें लगीं। सतनाम सिंह के मालिक ने अमानवीय शोषक व्यवहार करते हुए गाड़ी में डालकर उसके घर के सामने सड़क पर फेंक दिया। उसकी पत्नी और साथ काम करने वाले मज़दूरों ने उसे डेढ़ घंटे बाद अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल लेकर जाने में हुई देरी के कारण सतनाम सिंह की मौत हो गई। इटली के मज़दूरों और पंजाबी लोगों द्वारा सतनाम सिंह को न्याय दिलाने के लिए 25 जून को बड़ा धरना प्रदर्शन भी किया गया था।

इस घटना ने इटली के शासकों को भी मुँह खोलने पर मजबूर किया। वहाँ की धुर दक्षिणपंथी पार्टी की नेता जॉर्जिया मैलोनी; जो खुद सत्ता में प्रवासी मज़दूरों के खिलाफ़ नफ़रती प्रचार करके कुर्सी पर बैठी है, को भी जनता के दबाव में इस घटना पर बोलना पड़ा और मालिक पर क़ानूनी कार्यवाही का आदेश देना पड़ा है। यह कोई पहली घटना नहीं है और ना ही कोई आखिरी घटना है, जिसने प्रवासी मज़दूरों की काम की जगहों पर भयानक हालतों, उनके साथ होते घटिया व्यवहार, कम वेतन आदि की पोल खोली है।

इटली में करीब 1 लाख 80 हज़ार भारतीय मज़दूर प्रवास करके गए हुए हैं। इसके अलावा अन्य पिछड़े देशों से भी मेहनतकश लोग इटली में आकर बसे हुए हैं। इटली में ये प्रवासी मज़दूर क़ानून और ग़ैर-क़ानूनी दोनों तरीक़ों से गए हुए हैं। समय-समय पर रिपोर्टें बाहर आती हैं, जो क़ानूनी और ग़ैर-क़ानूनी प्रवासी मज़दूरों के जीवन और कम वेतन आदि के बारे में ब्यौरा मुहैया कराती हैं। इस घटना के साथ ये सभी मुद्दे भी चर्चा में हैं।

इटली सब्जियों और फलों के उत्पादन के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इटली में खेतीबाड़ी बहुत बड़े पैमाने

पर होती है। यहाँ खेतीबाड़ी करने के लिए आधे से ज़्यादा खेतिहर मज़दूर दूसरे देशों से आते हैं। उन्हें काम के बेहद बुरे हालात में लगातार 10 से 12 घंटे तक काम करना पड़ता है। इन मज़दूरों को प्रति घंटा केवल चार या पाँच यूरो का भुगतान किया जाता है। उन्हें कोई स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिलती। ना रहने के लिए कोई ढंग की रिहायशी सुविधा है। यहाँ तक कि छुट्टी की सुविधा भी नहीं दी जाती।

इटली में बड़े फ़ार्मों के लिए सस्ते कृषि मज़दूर उपलब्ध कराने की प्रणाली को 'एग्रोमाफ़िया' और 'कैप्रोली' जैसे नाम दिए गए हैं। इस प्रणाली के तहत स्थानीय फ़ार्मर मालिकों को मज़दूर उपलब्ध कराए जाते हैं। इन मज़दूरों से सभी क़ानूनी दस्तावेज़ ले लिए जाते हैं और बिना किसी लिखित समझौते के सस्ते वेतन पर 10 से 12 घंटे के लिए काम पर लगा दिया जाता है।

'एग्रोमाफ़िया' के संचालक, मज़दूरों से मज़दूरी का हिस्सा भी लेते हैं और कभी-कभी तो उनके भोजन का भी हिस्सा लेते हैं। इन मज़दूरों को काम के दौरान दुर्घटना होने पर ना तो कोई मुआवज़ा मिलता है और ना ही कोई अन्य सुविधाएँ दी जाती हैं। यहाँ तक कि छुट्टी भी नहीं दी जाती। इसमें क़ानूनी और ग़ैर-क़ानूनी दोनों प्रकार के प्रवासी मज़दूर होते हैं। ग़ैर-क़ानूनी प्रवासी मज़दूर को तो और भी कम वेतन दिया जाता है।

वर्ष 2017 में बलबीर सिंह नाम के मज़दूर का मामला सामने आया था, जब उसने सोशल मीडिया के ज़रिए मदद की गुहार लगाई थी। बलबीर सिंह पशुओं की देखभाल का काम प्रतिदिन 12 से 13 घंटे करता था। उसे कोई छुट्टी नहीं दी जाती थी, खाने को भी मालिक का बचा हुआ जूठा भोजन दिया जाता था। उसके लिए ना तो बिजली का प्रबंध था और ना ही गरम पानी और रहने की उचित व्यवस्था की गई थी।

बलबीर सिंह को हर महीने 100 से 150 यूरो वेतन दिया जाता था, जो 50 सेंट प्रति घंटा से भी कम बनता है। 17 मार्च 2017 को ट्रेड यूनियन के ज़रिए बलबीर सिंह को बचा लिया गया, लेकिन वहाँ अनेकों ही सतनाम सिंह, बलबीर सिंह आदि हैं, जिनका जीवन नरक बना हुआ है। ग़ैर-क़ानूनी तौर पर आए हुए मज़दूर ऐसे इलाक़े में रहते हैं, जहाँ ना अस्पताल है,ना स्कूल की सुविधा। ये मज़दूर अँधेरे घरों में रहने के लिए मज़बूर हैं। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के डर से बिना सुरक्षा उपकरण के कम वेतन पर काम करने को मजबूर होते हैं।

2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार तीन क्विंटल टमाटर को कंटेनर में भरने के लिए इन मज़दूरों को प्रति घंटा पाँच यूरो मिलते हैं,उसमें से भी एग्रोमाफ़िया दो यूरो हड़प लेता है और मज़दूर के पास केवल तीन यूरो बचते हैं। बड़े-बड़े निजी फ़ार्मों के मालिक मुनाफ़े के लिए इतने बर्बर हो गए हैं कि वे अपने मज़दूरों को पानी पीने तक का समय नहीं देते। अगर मज़दूर काम के दौरान पानी पीने या खाना खाने के लिए रुकते हैं,तो उन्हें नौकरी से निकाले जाने का डर रहता है। ऐसी भयानक परिस्थितियों में प्रवासी मज़दूर काम करने को मजबूर हैं। 2021 की एक रिपोर्ट के अनुसार 2 लाख 30 हज़ार मज़दूर बिना किसी लिखित समझौते के खेतों में काम कर रहे थे।

इटली दुनिया-भर में अच्छी गुणवत्ता वाले फलों और सब्जियों के बड़े पैमाने के उत्पादन के कारण प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है, लेकिन इस प्रसिद्धि के पीछे लाखों मज़दूरों की ज़िंदगी, उनकी लूट, यहाँ तक कि उनका खून भी शामिल है। वर्ष 2024 के पहले चार महीनों के दौरान खेतों में काम करते हुए दुर्घटनाओं के 268 मामले सामने आए थे। मशीन में हाथ फँस जाना, हाथ कट जाना, दिल का दौरा पड़ना, अंगूरों की बेलें बाँधते समय ऊपर से गिरकर हड्डियाँ टूट जाने से लेकर मौत हो जाने जैसी दुर्घटनाएँ इन बड़े फ़ार्मों में होती रहती हैं। इस सबसे इटली के शासकों और पूँजीपतियों को कोई फ़र्क़ नहीं पड़ता। ये प्रवासी मज़दूर इन शासकों के लिए सस्ते श्रम का एक प्रमुख स्रोत हैं। ये मालिक इसी स्रोत से बड़े पैमाने पर मुनाफ़ा कमाते हैं।

सरकारी नीतियों के तहत ग़ैर-क़ानूनी प्रवासी मज़दूरों को उनके नागरिक अधिकारों से भी वंचित रखा जाता है। उनके मानवाधिकारों के लिए कोई थोड़े-बहुत क़ानून भी नहीं बनाए जाते। क़ानूनी तौर पर गए प्रवासी मज़दूरों को लूटने का भी पूरा प्रबंध किया जाता है, उन्हें बहुत ही सीमित अधिकार दिए जाते हैं। यह सब कुछ सरकार द्वारा पूँजीपति शासकों की सेवा के लिए क़ानून बनाकर ही किया जाता है।

दूसरा, हुक्मरानों द्वारा मज़दूरों को स्थानीय और प्रवासियों के आधार पर बाँटने की कोशिश होती है और इसे अपनी शोषणकारी राजनीति के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। आर्थिक मंदी के दौरान बढ़ती बेरोज़गारी, बढ़ती महँगाई के समय स्थानीय मज़दूरों को गुमराह करने के लिए सारी समस्या की जड़ के तौर पर प्रवासी मज़दूरों को पेश किया जाता है। नस्लीय भेदभाव, स्थानीय और प्रवासी मज़दूरों का मुद्दा शासकों के लिए वोट बटोरने से लेकर कुर्सी तक पहुँचने का ज़रिया बनाया जाता है।

रोज़ी-रोटी के लिए बेहतर जीवन की तलाश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर प्रवास करना युगों पुरानी परिघटना है। जब मानव समाज अभी वर्गों में विभाजित नहीं हुआ था, तब भी इंसानी आबादी मैदानों, उपजाऊ ज़मीन, चरागाहों और अधिक सहनीय जलवायु वाले क्षेत्रों की तलाश में इधर-उधर अपने ठिकाने बदलती रहती थी,लेकिन जब समाज वर्गों में विभाजित हो गया,तो वर्ग उत्पीड़न लोगों के प्रवास का मुख्य कारण बन गया। आज हम पूँजीवादी समाज में रह रहे हैं, जहाँ हम बड़े पैमाने पर हो रहे प्रवास के गवाह बन रहे हैं। यह प्रवास एक देश के भीतर हो रहा है, एक देश से दूसरे देश में भी हो रहा है। अगर हम भारत का उदाहरण लें तो यहाँ मज़दूर आबादी रोज़गार की तलाश में एक राज्य से दूसरे राज्य की ओर प्रवास करती रहती है।

इस पूँजीवादी ढाँचे में असमान आर्थिक विकास एक ढाँचागत नियम है,जहाँ पूँजी निवेश के लिए अच्छी परिस्थितियाँ, कच्चा माल, संचार के साधन और बाज़ार आदि होते हैं, वहाँ पूँजीपति अधिक निवेश करते हैं। इससे कुछ क्षेत्रों में अधिक विकास होता है और दूसरे क्षेत्र श्रम शक्ति की आपूर्ति के केंद्र बन जाते हैं, इसलिए इस ढाँचे में कहीं अधिक विकास होता है, तो कहीं कम होता है। यह नियम एक देश के भीतर भी होता है, दुनिया-भर के अलग-अलग देशों में भी होता है।

विश्व स्तर पर देखें, तो यह असमान विकास हमें एक ओर विकसित पूँजीवादी साम्राज्यवादी देशों और दूसरी ओर पिछड़े देशों के रूप में दिखाई देता है। ये पिछड़े देश विकसित पूँजीवादी देशों के लिए सस्ते श्रम का स्रोत बनते हैं। पिछड़े पूँजीवादी देश– एशिया,अफ़्रीका,लैटिन अमेरिका आदि के देशों से मज़दूर विकसित पूँजीवादी देशों की ओर प्रवास करते हैं। इन मज़दूरों की संख्या करोड़ों में है। क़ानूनी और ग़ैर-क़ानूनी दोनों तरीक़े अपनाकर मज़दूर प्रवास करते हैं।

ऐतिहासिक दृष्टि से प्रवास की परिघटना प्रगतिशील क़दम है। मज़दूरों का प्रवास विभिन्न भाषाओं,जातियों, धर्मों, संस्कृतियों और राष्ट्रों के मज़दूरों को एक साथ इकट्ठा करता है। प्रवास उनमें भाषाई, सांस्कृतिक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय विभाजन आदि को तोड़कर उनके बीच वर्ग आधारित साझापन पैदा करता है। जब पिछड़े क्षेत्रों से मज़दूर उन्नत क्षेत्रों की ओर प्रवास करते हैं, तो उनकी चेतना का स्तर बढ़ जाता है। वे अपने अधिकारों के बारे में, जीवन के तरीक़े के बारे में पूँजीवादी ढाँचे की खामियों के बारे में अधिक चेतना प्राप्त करते हैं।

जब मज़दूर आंदोलन कमज़ोर होता है, तब पूँजीवादी शासक नस्ल, जाति, भाषा और धर्म आदि के आधार पर विभाजन करने में सफल होते हैं, लेकिन पूँजीवाद अपने नियम के कारण छोटे मालिकों को संपत्तिहीन कर उन्हें मज़दूर बनाता जाता है। उन सभी के लिए जीने के बद से बदतर हालात पैदा करता रहता है, जिसके कारण बड़ी संख्या में मज़दूरों में साझापन पैदा होता है। उनके सामने शासक शोषण करते हुए दिखाई देते हैं और शोषित होते हुए वे खुद और उनके अपने मज़दूर साथी दिखाई देते हैं।

यही वर्गीय साझापन उन्हें शोषण समाप्त करने के कार्यभार को अंजाम देने के लिए एकजुट करता है। इटली के मज़दूरों ने और प्रवासी मज़दूरों ने मिलकर सतनाम सिंह को न्याय दिलाने के लिए बड़ा विरोध प्रदर्शन किया, जिसके चलते सतनाम सिंह की पत्नी को मुआवज़ा भी मिला है और मालिक को गिरफ़्तार भी किया गया है।

वास्तव में इन विकसित देशों में आज बड़े पैमाने पर अवैध रूप से भारतीय मज़दूर जा रहे हैं,जिनके ऊपर कोई श्रम कानून लागू नहीं होता, इस कारण से उन्हें कम मज़दूरी पर अधिक काम करना पड़ता है तथा मुँह खोलने पर जेल भेजने की धमकी का सामना करना पड़ता है, लेकिन प्रवासी मज़दूर वैध हो या अवैध हो, इटली जैसे यूरोपीय देशों में कम से कम वहाँ की राजनीतिक पार्टियाँ तथा मीडिया इन जैसे मामलों को प्रकाश में लाती हैं, परन्तु भारत जैसे देशों की स्थिति तो इससे भी बुरी है। यहाँ पर मज़दूरों का शोषण और श्रम कानूनों के उल्लंघन पर मीडिया तथा शासक वर्ग के सभी घटक शर्मनाक रूप से चुप्पी साध लेते हैं, इनका भारतीय प्रवासी मज़दूरों के पक्ष में बोलना तो बहुत दूर की बात है।

आइएएस व नेता सब माफियाओं के टुकड़ाखोर रखैल

अरबों रु. की रोज की करवा रहे जीएसटी चोरी

प्रदेश के 40 वैध व 100 से ज्यादा छोटे नाकों से रोज 20 हजार ट्रक 10 हजार बसें माल कर चोरी कर लाते ले जाते हैं

मध्य प्रदेश में नवंबर 2023 में 18 साल से कुंडली मारे बैठे मुख्यमंत्री शिवराज के बदलने व मोहन यादव के आने के बाद जनता ने महसूस किया था कि पूरे प्रदेश में जो पूरे भारतीय प्रशासनिक बनाम प्रताड़ना सेवा के घोर भ्रष्ट जालसाज डकैत निरंकुश अधिकारियों जो जिलों के एडीएम एसडीएम मुख्य कार्यालय अधिकारी जिला पंचायत कलेक्टर से लेकर संभागीय और राजधानी स्तर परसचिन संचालक आयुक्त से लेकर प्रधान व मुख्य सचिव स्तर के अधिकारियों विधायकों-सांसदों जो पूरी तरह से प्रदेश के भू कॉलोनी, परिवहन, ड्रग, शिक्षा, वाणिज्य कर, पुलिस, राजस्व, पंजीयन, आबकारी, स्वास्थ्य, निगमों, पालिकाओं, परिषदों, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, जल संसाधन, महिला बाल विकास, आदिम, अनुसूचित जन जाति, कृषि, उद्यानिकी, वन, विद्युत, आदि प्रदेश के सभी विभागों के संचालको से लेकर प्रधान व मुख्य सचिवों के सभी दलालों ठेकेदारों माफियाओं को पालकर मोटी वसूली करने वालों के भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी।

पर ऐसा कुछ होने की अपेक्षा चारों तरफ सभी प्रकार के भ्रष्टाचारों को बढ़ावा ही दिया जा रहा है।

प्रति
माननीय श्री धनराज सिंह जी,
कमिश्नर, सेल्स एण्ड टैक्स, इन्दौर म.प्र.

विषय :- अरबों रुपये की जीएसटी चोरी की सूचना देने बाबत।

महोदय,
उपरोक्त विषय अंतर्गत लेख है कि मध्यप्रदेश में जीएसटी चोरी का एक बहुत बड़ा सिंडिकेट नेटवर्क कार्यरत है, जिसके अन्तर्गत सैकड़ों दलाल मध्यप्रदेश एंटीविजन व नेता द्वारा व ट्रांसपोर्ट, सैकड़ों फैक्ट्री सम्मिलित है।



इन लोगों की माफियागिरी के अन्तर्गत हजारों टन आयरन स्क्रैप गुजरात के सूरत, अंकलेश्वर, बड़ोदरा, अहमदाबाद, अलंग, भावनगर, जामनगर, राजकोट इत्यादि जगहों से मध्यप्रदेश के इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, पिथमपुर की रोलिंग मिलों में भेजा जा रहा है। यह सामरा माल व्हाया चांदपुर अलीराजपुर, खण्डवा, बड़ोदरा, दाहोद, अलीराजपुर स्टेट हाईवे से निकलता है। इसी प्रकार गुजरात के जामनगर, दाहोद, बोडेली, अहमदाबाद, बड़ौदा आदि जगहों की रोलिंग मिलों का बगैर जीएसटी चुकाए सरिये, आयरन शीट, एंगल, चद्दर लिये हर महिने 100 से 150 ट्रक ट्राले मध्यप्रदेश के धार, इन्दौर, कुक्षी, अलीराजपुर, खरगोन, खण्डवा, बड़वानी, झाबुआ, बुरहानपुर, पेटलावद, अंजड़, राजगढ़, थांदला, बदनावर में उपरोक्त लिखित माल को पहुँचा रहे है। जीएसटी चोरी का यह समस्त माल अलीराजपुर, चाँदपुर, पिटोल, थांदला, खेतिया, पानसेमल, निवाली, सेंधवा से होकर मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में जा रहा है।



इसी प्रकार महाराष्ट्र के जलाना, औरंगाबाद, धुलिया, पूना, मुंबई, अहमदनगर, मालेगाँव की रोलिंग मिलों से प्रतिदिन 50 से 100 गाड़ीयों या ट्रकों या ट्रालों द्वारा लगभग 3000 हजार से 5000 टन सरिया बगैर टैक्स/जीएसटी चुकाए

निरंतर–

पेज-2

सेंधवा, आगरा, मुंबई राजमार्ग–एबी रोड से होकर मध्यप्रदेश के अलीराजपुर झाबुआ, बड़वानी, इन्दौर, मन्दसौर, नीमच, रतलाम, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर व समस्त जिलों में जीएसटी चोरी का माल पहुँचाया जा रहा है व बेचा जा रहा है।

इसी प्रकार महाराष्ट्र के जालाना, औरंगाबाद प्रतिदिन 50–100 ट्रक, ट्राले बगैर जीएसटी चुकाए आयरन, स्क्रैप मध्यप्रदेश के धार, बड़वानी, इन्दौर, मंदसौर, नीमच, रतलाम, खरगोन, खण्डवा बुरहानपुर आदि जगह की रोलिंग मिलों में माल खपाया जा रहा है, साथ ही समय पर राज्य गुजरात के दाहोद की रोलिंग मिलों में यह माल अलीराजपुर, झाबुआ, पिटोल से होकर जा रहा है।

इसी प्रकार गुजरात के मोरबी, बड़ौदा, हिम्मत नगर, पादरा से फैक्ट्री मालिक बगैर जीएसटी चुकाए सेनेटरी, आयटम टाईल्स, सीएससी ब्लॉक लेकर प्रति महिने से सैकड़ों 300 से 500 ट्रक व ट्राले अलीराजपुर होकर मध्यप्रदेश के समस्त जिलों में माल का परिवहन किया जा रहा है व जीएसटी चोरी का माल बेचा जा रहा है।

महोदय, अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि टैक्स चोरी का कारनामा पूर्णतः सरकारी मशनरी टैक्स, दुकानदार विक्रेता फैक्ट्री मालिक, सेल टैक्स व वाणिज्य कर विभाग जीएसटी एंटिइन्वेशन । ऑफिसर्स अतुल श्रीवास्तव, हरिश जैन व एंटि विजन, ठ. ऑफिसर्स सोनाली जैन, शिवनंदन तिवारी व कुश बोहरे व टैक्स चोरी कराने वाले उपरोक्त लिखित दलाल सम्मिलित है, जिनके द्वारा हर वर्ष 2000 करोड़ लगभग टैक्स की चोरी की जा रही है।

टैक्स चोरी करते समय ट्रक, ट्राली को एक पासवर्ड बिन्टी लोगो को दी जाती है, जिसको देखकर कोई भी थाना प्रभारी, राजस्व अधिकारी, सेल्स टैक्स अधिकारी, एंटीविजन सेल्स टैक्स अधिकारी उस पर कोई कार्यवाही नहीं करते है।

निरंतर–

पेज-3

टैक्स चोर दलाल निखिल सोलानी, मयूर विशाल, मोहम्मद जावेद खान, निवासी बड़वानी, मोहम्मद इमरान खान निवासी इन्दौर, फरीद खान निवासी-बड़वानी, मोहम्मद सादिक खान निवासी सेंधवा आदि है।

दिनांक 22-7-2024

भवदीय
दीपक सोनी पिता शंकरलाल सोनी
80/2 बी.टी. रोड, अलीराजपुर
मो. नंबर: 9303994473

प्रतिलिपि :
1. आयुक्त, मध्यप्रदेश आर्थिक अपराध अनुसंधान ब्यूरो, भोपाल मध्यप्रदेश।
2. लोकायुक्त महोदय, इन्दौर मध्यप्रदेश
3. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन भोपाल, मध्यप्रदेश।
4. श्री जगदीश जी देवड़ा, श्रीमान गृह मंत्री एवं वित्त मंत्री, म.प्र.शासन, भोपाल
5. आयुक्त महोदय, सीजीएसटी, इन्दौर

क्योंकि जिसे मुख्यमंत्री बनाया वह पूर्व से ही कुख्यात भू कॉलोनी शराब शिक्षा आबकारी खनन आदि का माफिया है। तो स्वाभाविक है, वह यहां मोटी कमाई करने दिल्ली स्थित आकाओं को महीना पहुंचाने के लिए व्यवस्थाओं को सुधारने की अपेक्षा सभी प्रकार के माफिया को पालकर जो विभिन्न विभागों के नियंत्रण में है से मोटी कमाई करने में ज्यादा विश्वास रखता है। इसलिए उसे हजारों करोड़ के राजस्व की जो जीएसटी, परिवहन, पंजीयन, आबकारी, खनन आदि की चोरी को रोकने खत्म करने से कोई मतलब नहीं। सभी प्रकार के माफियाजो इन विभागों में अपना वर्चस्व रखते हैं।



अपनी चोरी भ्रष्टाचार जालसाजी करने के लिए जिलों के थानों के टीआइ से लेकर जिले के पुलिस अधिकारियों राजस्व विभाग के एडीएम एसडीएम कलेक्टर संभागीय अधिकारियों आयुक्त प्रधान सचिव मुख्य सचिवसे लेकर जिलों के विधायकों सांसदों तक को करोड़ों रुपए का महीना बांटकर हर स्तर पर हर प्रकार की राजस्व चोरी करते हैं अकेले प्रदेश व महाराष्ट्र की सीमा पर सेंधवा से प्रतिदिन 1500 से 2000 ट्रक, 700 से 100 बसें गुजरात की सीमा पर पिटोल से 500 से 800 ट्रक 300 से 500 बसें आती जाती है दिन में अधिकांश में कच्ची बिल्टी का माल लाया ले जाया जाता है। गुजरात के गांधीनगर, वलसाड, भावनगर, बडौदा व अन्य शहरों से जलयानों की कटिंग व अन्य प्रकार का एम एस, एलॉय, स्पंज मशीनों वाहनों की कटिंग स्टील के कच्ची बिल बिल्टी के लोहे के ट्रकों की जानकारी जब हमारे संवाददाता ने मध्य प्रदेश वाणिज्य कर के इंदौर के ए और बी एंटी इविजन की टीम के साथ अपर श्रीमती रजनी सिंह, आयुक्त धनराजू प्रधान सचिव अमित राठौर को देनी चाही तो किसी ने भी ना तो फोन उठाया और ना ही जानकारी संदेश के माध्यम से भेजने पर कोई कार्यवाही की गई।जिसमे ट्रक नंबर MP 46 H 7772, यह ट्राला महाराष्ट्र के जालना से सरिया 30 टन भरकर आया है बिना बिल, जीएसटी आलीराजपुर में खाली हो रहा है अभी ट्राला खाली में पांच से छे घंटे लगेंगे साहब जी सेवार्थ सूचना।

MH 18 BG 3725, MH 18 A 6066 दिनांक 30,अगस्त 24 को भेजी चीज पर कोई कार्यवाही नहीं हुई इसके संबंध में माफिया ने जब उनके ट्रांसपोर्टर ने पकड़वा दिए। तो उसे पर जानलेवा हमला कर दिया गया है यह भारी बड़ा सिंडिकेट है। जो इस प्रकार केवल सैकड़ो ट्रक न केवल स्टील शक्कर पर्चून हींग, काली मिर्च, कपड़ा खाद्य सामग्री दवाइयां कृषि उपज फल फ्रूट जिसमें बहुत से जीएसटी के दायरे में भी आते हैं लाई ले जा जाते हैं जालना से डेढ़ सौ ट्रक प्रतिदिन सरिया मध्य प्रदेश में आता है। और जो स्क्रैप मध्य प्रदेश में आ रहा है इंदौर में वह सांवेर रोड की फैक्ट्रीयों के साथ-साथ पीथमपुर की अनंत स्टील लेबड़ की शिवांगी स्टील में भी खपाया जा रहा है। वैसे महाराष्ट्र के जालना, औरंगाबाद, मुंबई, पुणे, नागपुर आदि सभी बड़े शहरों से कॉरपोरेट और फुटकर छोटे कबाड़ियों द्वारा इकट्ठा किया हुआ मध्य प्रदेश के साथ छतीसगढ़ उत्तर प्रदेश की फैक्ट्रियों में भी लाया ले जाया जा रहा है। जो कि पूरा खेल सिंडिकेट के माध्यम से किया जा रहा है रास्ते के थाने जिलों के एसपी कलेक्टर से लेकर मध्य प्रदेश के वाणिज्य कर आयुक्त धनराजू अपर आयुक्त रजनी सिंह प्रधान सचिव अमित राठौर तक पहुंचने के कारण मध्य प्रदेश में कार्यरत 6 एंटीइविजन ब्यूरो को धारा 68, 71 में के ऐसे वाहनों यात्री बसों जो प्रतिदिन करोड़ों रुपए का बिना बिल्टी का लगभग 5000 से ज्यादा बसें सैंकड़ों टन सभी प्रकार का माल पूरे प्रदेश में लाती ले जाती हैं। इसके बारे में पूरी जानकारी और डिवीजन को होने के बाद में भी क्योंकि सिंडिकेट माफिया जैसे की तीन पेपर की कटिंग नीचे लगाई जा रही है लगभग 50 करोड रु. महीने परिवहन माफियाओं द्वारा जो लगभग राजस्व की 500 करोड़ की हानि या चोरी करता है। इसके बारे में रास्ते के सभी सीमावर्ती इलाकों के विधायकों सांसदों को भी सब कुछ मालूम है और उनको भी क्योंकि महीना मिलता है इसलिए वह भी सरकार राजस्व बढ़ाने की अपेक्षा अपना महीना खाकर चुप रह सभी प्रकार के परिवहन कर चोर माफिया को न केवल खुला संरक्षण देते हैं बल्कि आपने देखा किस प्रकार पूर्व के वाणिज्य कर आयुक्त स्वतंत्र कुमार सिंह को जिन्होंने बिल्डरों पर छापे मारने एंटी इविजन की प्रदेश की 6 टीमों को पावर देकर भारी राजस्व की वसूली की थी। मजबूत बिल्डर लॉबी ने खुली टैक्स चोरी करने और और जनता से जीएसटी वसूल कर लूटने वालों ने मुख्यमंत्री प्रधान सचिव और क्षेत्रीय मंत्री को 50 करोड रु. देकर 3 महीने में ही स्थानांतरण करवा दिया था।

इसके संबंध में बिल ट्रक की फोटो और पूर्व में छपी खबरों को नीचे प्रकाशित किया जा रहा है।

प्रधान सचिव
मध्य प्रदेश वाणिज्य कर विभाग
भोपाल

बिना बिल बिल्टी के लोहे का स्क्रैप गुजरात-महाराष्ट्र से आ रहा है उसके ऊपर मध्य प्रदेश वाणिज्य करके अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते।

महोदय,

उक्त प्रेषित जानकारी को मध्यप्रदेश वाणिज्यकर आयुक्त धनराजू को भेजने के साथ श्रीमती रजनी सिंह अपर आयुक्त को भी भेजी गई थी। परंतु कोई ना तो फोन उठाता है। नहीं ऐसी जानकारी पर कोई प्रतिक्रिया देता है इसलिए यह जानकारीआपको ईमेल पर भेज रहा हूं। भेजी गई जानकारी पर यदि आप कार्रवाई करने में असक्षम रहेंगे तो मुझे केंद्रीय कर विभाग के इंदौर से लेकर दिल्ली तक के कार्यालय के साथ सीबीआई मध्य प्रदेश से लेकर दिल्ली तक को भी सूचित करना पड़ेगा।

निवेदक
प्रवीण अजमेरा
समय माया समाचार पत्र
इंदौर

साप्ताहिक समय माया

गणेशोत्सव

भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान श्रीगणेश का जन्मदिन मनाया जाता है, जिसे गणेश चतुर्थी के नाम से जाना जाता है यानी इसी दिन माता पार्वती के घर उनके छोटे पुत्र गणेश का आगमन हुआ था। इसकी खुशी में मुंबई सहित पूरे देश में नौ दिनों तक गणेशोत्सव का आयोजन होता है इस दौरान भगवान श्रीगणेश के १२ स्वरूपों की पूजा की जाती है, इन दिनों में पूजा करने से भगवान गणेश जल्द पसन्न होते हैं, वहीं भक्तों के सभी विघ्न हर लेते हैं और उनकी इच्छाएं भी पूर्ण करते हैं। सनातन धर्म में गणेशचतुर्थी का पर्व बहुत ही खास और महत्वपूर्ण माना जाता है।

■ जानिए गणेश चतुर्थी का महत्व

भविष्य पुराण के अनुसार शिवा, संज्ञा और सुधा यह तीन चतुर्थी होती हैं, जिसमें भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को संज्ञा कहा जाता है, वहीं ऐसी भी मान्यता है कि इसमें स्नान और उपवास करने से १०१ गुना फल प्राप्त होता है और सौभाग्य की वृद्धि भी होती है, वहीं इसी भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को मध्यान्ह में भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसी कारण यह तिथि महक नाम से भी जानी जाती है, इस दिन भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना, उपासना व्रत, कीर्तन और जागरण आदि किया जाता है। भगवान गणेश के जन्म के बारे में शिवपुराण में एक कथा है। उस कथा के अनुसार एक बार मां पार्वती अपने शरीर पर हल्दी और उबटन लगाए हुई थीं। जब उन्होंने अपने शरीर से हल्दी और उबटन को हटाया तो उससे छोटा-सा एक पुतला बनाया। फिर उन्होंने अपने तपोबल से उस पुतले में प्राण डाल दिए। इस तरह से बाल गणेश का जन्म हुआ।

भक्तों के घर पधारेंगे बाप्पा

हरतालिका तीज व्रत पर इस उत्तम मुहूर्त में करें पूजा

भाद्रपद महीने की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर हरितालिका तीज का व्रत रखा जाएगा। 6 सितंबर के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की विधिवत पूजा करेंगी। धार्मिक मान्यता है कि ऐसा करने से वैवाहिक जीवन सुखमय और संपन्न रहता है। इस साल हरितालिका तीज पर दुर्लभ ग्रह, नक्षत्रों के कई शुभ संयोग भी बन रहे हैं। आइए ज्योतिषाचार्य से जानते हैं हरतालिका तीज पर बने शुभ योग, शुभ मुहूर्त और पूजा की विधि-

हरतालिका तीज पर शुभ योग

पुजारी पंडित अवनीश शर्मा ने बताया कि भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 5 सितंबर दोपहर 12 बजकर 21 मिनट से शुरू हो जाएगी, जो 6 सितंबर दोपहर 03 बजकर 01 मिनट तक रहेगी। इसलिए हरितालिका तीज का निर्जला व्रत 6 सितंबर को रखा जाएगा। बताया कि इस दिन ग्रह, नक्षत्र भी बहुत अच्छी स्थिति में होंगे। 6 सितंबर की सुबह के समय पहले दुर्लभ शुक्ल योग और फिर ब्रह्म योग बन रहा है। साथ ही सुबह 09.25 बजे से 7 सितंबर सुबह 06.02 बजे तक रवि योग और रात 10.15 बजे तक शुक्ल योग रहेगा। बताया की धर्म शास्त्रों में यह अद्भुत और शुभ संयोग माने जाते हैं। इनमें पूजा पाठ करने से कई गुना अधिक पुण्य मिलता है।

पूजा का शुभ मुहूर्त

ज्योतिष विज्ञान के जानकार पंडित संदीप शर्मा सोनू ने बताया कि हरि तालिका तीज पर सुबह 06.02 बजे से 08.33 बजे तक भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का शुभ समय रहेगा।

हरतालिका तीज पूजा-विधि

पंडित संदीप शर्मा सोनू के अनुसार, सुहागिन महिलाएं चौकी सजाकर उसके ऊपर भगवान शिव व माता पार्वती की मूर्ति रखेंगी। फिर कलश की स्थापना करने के बाद 16 श्रृंगार का सामान, अगरबत्ती, धूप, दीप, शुद्ध घी, पान, कपूर, सुपारी, नारियल, चंदन, फल और फूल के साथ आम, केला, बेल व शमी के पत्ते से पूजा करें। हरतालिका तीज व्रत की कथा का पाठ करेंगी। फिर आरती के बाद श्रद्धा के साथ भोग लगाकर क्षमा-याचना करें। पूजा के बाद विधि विधान से व्रत का पारण करने से मनवांछित फल मिलेगा।'

हरतालिका तीज पर जरूर ट्राइ करें ये मेहंदी डिजाइन, हाथों पर लगेंगे बेहद सुंदर

अगर आप भी इस हरतालिका तीज पर अपने हाथों में मेहंदी लगाने का सोच रही हैं, तो इस लेख में आपको कई ऐसी मेहंदी डिजाइन दी जा रही है, जिसे आप इस तीज पर अपने हाथों में लगा सकती हैं.

चाहे महिला हो या लड़की मेहंदी लगाना हर किसी को बहुत पसंद आता है और आए भी क्यों ना मेहंदी की प्यारी महक और इसका गाढ़ा रंग सबके दिल को बहुत खुश कर देता है. भारत में हर शुभ अवसर, चाहे शादी हो, पूजा-पाठ हो या फिर कोई त्योहार मेहंदी लगाने की प्रथा बहुत पुरानी है, जिसका अनुसरण महिलायें आज भी कर रही हैं. सुहागिन महिलायें किसी विशेष पूजा के अवसर पर अपने हाथों में मेहंदी जरूर लगती है, क्योंकि ये शुभ माना जाता है. इस साल पूरे देश में हरतालिका तीज का त्योहार 6 सितंबर को मनाया जाएगा और इस पूजा में भी महिलायें अपने हाथों को सुंदर मेहंदी डिजाइन से जरूर सजायेंगी. अगर आप भी इस हरतालिका तीज पर अपने हाथों में मेहंदी लगाने का सोच रही हैं, तो इस लेख में आपको कई ऐसी मेहंदी डिजाइन दी जा रही है, जिसे आप इस तीज पर अपने हाथों में लगा सकती हैं.

फुल हैन्ड मेहंदी

अगर आपको मेहंदी लगाना बहुत पसंद है और आपको अपने हाथ मेहंदी डिजाइन से भरे हुए अच्छे लगते हैं तो इस हरतालिका तीज पर

आप अपने हाथों में फुल हैन्ड मेहंदी लगा सकती हैं. इस प्रकार की मेहंदी हाथों को रॉयल लुक देती हैं और तीज जैसे त्योहारों पर महिलाएं इस प्रकार की मेहंदी डिजाइन को खूब पसंद करती हैं.

बोलें ये गणेश मंत्र
देते हैं सफलता

प्रणवादि सबीज गणपति मंत्र – ॐ गं गणपतये नमः। भगवान गणेश की उपासना का यह छः अक्षरों वाला मंत्र ॐ की ध्वनि के साथ धन और भौतिक सुख-सुविधाओं की कामना पूरी करने की नजरिए से बहुत ही असरदार माना जाता है। साथ ही यह मंत्र एक रक्षाकवच बनकर आपको अनचाही मुसीबतों और संकटों से रक्षा करता है।
अगर आप संस्कृत भाषा की गहरी समझ न रखते हों तो यहां बताए जा रहे हैं कुछ और सरल मंत्र भी हैं, जिनके जरिए भगवान गणेश का ध्यान कर आप सुख-सफलता की इच्छा पूरी कर सकते हैं – **(1) ॐ (2) ॐ गं ॐ (3) ॐ श्री गणेशाय नमः।**

पूजन

जय गणेश.. जय गणेश देवा.....

गणेश शिवजी और पार्वती के पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। गणों के स्वामी होने के कारण उनका एक नाम गणपति भी है। ज्योतिष में इनको केतु का देवता माना जाता है, और जो भी संसार के साधन हैं, उनके स्वामी श्री गणेशजी हैं। हाथी जैसा सिर होने के कारण उन्हें गजानन भी कहते हैं। गणेशजी का नाम हिन्दू शास्त्रों के अनुसार किसी भी कार्य के लिये पहले पूज्य है। इसलिए इन्हें आदिपूज्य भी कहते हैं। गणेश की उपसना करने वाला सम्प्रदाय गाणपतय कहलाता है।

गणेशजी के अनेक नाम हैं लेकिन ये 12 नाम प्रमुख हैं

सुमुख, एकदंत,कपिल, गजकर्णक, लंबोदर, विकट, विघ्न-नाश, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचंद्र, गजानन। उप्रोक्त बारह नाम नारद पुराण में पहली बार गणेश के बारह नामावली में आया है विद्यारम्भ तथा विवाह के पूजन के प्रथम में इन नामों से गणपति की आराधना का विधान है

पिता	भगवान शिव
माता	भगवती पार्वती
भाई	श्री कार्तिकेय
बहन	अशोक सुन्दरी
पत्नी	दो 1.रिद्धि 2. सिद्धि
पुत्र	दो 1. शुभ 2. लाभ
प्रिय भोग (मिष्ठान)	मोदक, लड्डू
प्रिय पुष्प	लाल रंग के
प्रिय वस्तु	दूर्वा (दूब) शमी-पत्र
अधिपति	जल तत्व के
प्रमुख अस्त्र	पाश, अंकुश
वाहन	मूषक

ज्योतिषशास्त्र में गणेशजी की भूमिका

विद्यार्थी लभते विद्याम
धनार्थी लभते धनं
पुत्रार्थी लभते पुत्रं
मोक्षार्थी लभते गतिम
अर्थात ये वो हैं जो, विद्यार्थी की विद्या,
धनार्थी को धन,
पुत्रार्थी को पुत्र
और मोक्षार्थी को मोक्ष देते हैं।
नारदमुनि ने भगवान श्रीगणेश की स्तुति करते हुए यह बात कही थी।

